तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

14 परमात्मा जानने का विषय नहीं है बल्कि...



16 संडी बंगला में सतनाम सद्भाव पदयात्रा का स्वागत हुआ





## खबर संक्षेप

### गिरौदपुरी मेला मोबाइल एप अब प्ले स्टोर पर उपलब्ध

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन द्वारा गिरौदपुरी मेला में विभिन्न सुविधाओं की जानकारी श्रद्धालुओं को सुगमता से उपलब्ध कराने मोबाइल एप्प लांच किया गया है। यह मोबाइल एप गिरौदपुरी मेला के नाम से प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसे एंड्रॉइड़ मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। गिरौदपुरी मेला मोबाइल एप्प के माध्यम से मेले में भोजन व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, कंट्रोल रूम, चिकित्सा एवं एम्बुलेंस, स्नान घर एवं निस्तारी सुविधा, शौचालय एवं बायोटॉयलेट व्यवस्था आदि की जानकारी आसानी से मिलेगी। मोबाइल एप्प के साथ ही वेबसाईट एवं क्यूआर कोड का भी उपयोग कर सकते हैं।



### औरैठी में पांच दिवसीय रामायण प्रारंभ

सिमगा। समीपस्थ ग्राम औरैठी में 20 से 25 फरवरी तक अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। इसमें प्रत्येक मानस मंडली को 701 रू का प्रोत्साहन राशि एवं सदाबहार पुरस्कार दानदाताओं द्वारा प्रदान किया जाएगा। रामायण समिति के पदाधिकारियों ने अंचल के मानस मंडलियों से आग्रह किया है कि इस रामायण यज्ञ में सम्मिलित होकर ग्रामीणों को राम भजन का श्रवण कराएं।

### चोरी के मामले में अज्ञात पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाडीह बुंदेली निवासी बालाराम ने बताया कि अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और एक हजार रुपए नकद चोरी हो गए। जेवरों की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। इसी थाना क्षेत्र के डोंगझारखार परसदा के पास एक अन्य घटना में खेत में लगा सोलर पंप और केबल वायर चोरी हो गया। प्रार्थी सीमाराम की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिले में नई गाइडलाइन जारी, 20 से लागू

**महासमुंद।** स्थाई संपत्ति के गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संबंध में छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए रायगढ़, महासमुंद एवं बालोद जिलों से प्राप्त स्थावर संपत्ति की गाइडलाइन दरों के वर्ष 2025-26 के लिए पुनरीक्षण प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें 20 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। उल्लेखनीय है कि इन दरों के लागू होने से संपत्ति पंजीयन, राजस्व संकलन तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर विनय लंगेह ने जारी नवीन गाइडलाइन के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश उपंजीयक रजिस्टार को दिए हैं।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 तक

**महासमुंद।** जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा कल, जिले के 2 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी 22 फरवरी को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के 2149 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को केंद्राध्यक्ष व ऑब्जर्वर की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए और आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर संवेदनशील है। बिना किसी त्रुटि के एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो, निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और अपने दायित्व का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लागू हो और किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति न दी जाए। अभ्यर्थियों की पहचान का सत्यापन आधार एवं प्रवेश पत्र के आधार पर किया जाए और कक्षा में प्रवेश से पहले उनका चेकिंग कार्य सटीक रूप से हो।

## दिशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश



### जिले में 7 परीक्षा केंद्रों का बनाए गए

बताया गया कि परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 7 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें डी के कॉलेज बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, एमडीव्ही स्कूल बलौदाबाजार, पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय महाविद्यालय लवन, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल लवन एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी शामिल हैं। प्रथम पाली प्रातः 10 से अपराह्न 12 बजे तक सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अभिरुचि परीक्षा आयोजित होगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर सहित केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर उपस्थित थे।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में की कार्रवाई

# खाद्य सुरक्षा मानक में अनियमितता अविनाश इंडस्ट्रीज का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/भाटापारा

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को फर्म अविनाश इंडस्ट्रीज खोखली, भाटापारा का जांच किया। फर्म द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 व विनियम का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी ने बताया कि ऑनलाइन वायरल वीडियो का संज्ञान में लेते हुये फर्म अविनाश इंडस्ट्रीज खोखली, भाटापारा में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान फर्म में फूड हेंडलरों के द्वारा बिना मॉस्क, हेडकवर, ग्लब्स लगाये हुए अस्वास्थ्यकर दशाओं में पोहे का विनिर्माण किया जाना पाया गया। फर्म में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 व विनियम के तहत फूड हैंडलरों का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण दस्तावेज व किट, पेस्ट नियंत्रण संबंधित समुचित उपाय नहीं पाया गया। इस पर खाद्य विभाग की टीम ने नायलॉन पोहा का विधिक नमूना लेकर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया गया है। फर्म को सुधारात्मक नोटिस जारी कर फर्म का खाद्य लायसेंस (अनुज्ञप्ति) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जावेगी तथा लायसेंस (अनुज्ञप्ति)बहाली के बाद ही फर्म का संचालन किये जाने का निर्देश दिया गया है।



### बलकर वाहन से नया टायर निकाल कर बेचने वाला आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन के नए टायर चोरी कर बेचने वाले एक कलयुगी चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कंपनी के भरोसे को दरकिनार करते हुए गाड़ी के कीमती टायर निकालकर पुराने टायर लगा दिए थे और नए टायरों को बेच दिया था। जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को प्रार्थी कपिल यादव निवासी खम्हरिया, एचटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुपरवाइजर द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि कंपनी के बलकर वाहन क्र. सीजी 07 बीसी 8781 का वाहन चालक अजय रात्रे 27 जनवरी को सामान लोड करने खरसिया के लिए रवाना हुआ था। 11 फरवरी को पता चला कि उक्त वाहन बलौदाबाजार बायपास रोड में खड़ा है, जिसे चेक करने पर उक्त वाहन का टायर बदला हुआ था। आरोपी वाहन चालक अजय रात्रे द्वारा वाहन में लगे मूल टायर को निकाल कर उसे बदली करते हुए पुराना टायर लगा दिया था। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही ग्राम अडभार थाना मालखरौदा जिला शक्ति निवासी 31 वर्षीय वाहन चालक अजय रात्रे को हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त बलकर वाहन के मूल टायर को निकाल कर, चोरी करते हुए उसमें लगे 2 नए टायरों को बिक्री करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी से 2 पुराना टायर एवं नए टायरों का बिक्री रकम 2000 जब्त की गई। प्रकरण में आरोपी को 19 फरवरी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



# कर्मचारियों ने की कैशलैस इलाज की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ कैशलैस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर जिला संगठन बलौदाबाजार ने राज्य के समस्त शासकीय कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए कैशलैस मेडिकल सुविधा लागू करने की मांग तेज कर दी है। इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन की अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते को ज्ञापन सौंपा।

■ संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यदि राज्य के सभी कर्मचारी, आश्रित परिजन एवं पेंशनर्स को आगामी बजट में कैशलैस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है तो समुचित इलाज में आने वाली आर्थिक परेशानी से उन्हें राहत मिलेगी। बढ़ती हुई महंगाई के इस दौर में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए कर्मचारियों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार इलाज के लिए बच्चों की शिक्षा हेतु रखी राशि एवं जमा पूंजी भी खर्च करनी पड़ जाती है। केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों-एसईसीएल,भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के कर्मचारियों के इलाज का खर्च शासन वहन करता है।जिससे वे मानसिक तौर पर निश्चित रहते है।

संघ ने शासन से उक्त जनकल्याणकारी योजना को गंभीरता से लेते हुए आगामी बजट में शीघ्र अति शीघ्र लागू करने की अपील की है। उक्त सुविधा प्राप्त होने पर राज्य के समस्त कर्मचारी राज्य शासन के आभारी व शुक्रगुजार रहेंगे। बलौदाबाजार जिला प्रशासन को आज ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रदेश संयोजक रमेश नेगी सहित रूपनारायण साहू अनिल बंजारे संतोष साहू निलेश टंडन प्रेमलता साहू सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई ...



रिसदा। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई है। 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का आज भूगोल एवं भौतिक विषय का प्रथम परीक्षा हुआ। बलौदाबाजार जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल रिसदा सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न हुआ जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिसदा को केंद्र बनाया गया है जिसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांपा के भी विद्यार्थी रिसदा केंद्र में आकर परीक्षा दिला रहे हैं। रिसदा स्कूल केंद्र अध्यक्ष संजय कुमार गिलहरे एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष दीपचंद बंजारे द्वारा जानकारी देते हुए बताये कि शुक्रवार को हुए इस प्रथम परीक्षा में 72 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहे। बैठक व्यवस्था तीन कमरों में किया गया है ताकि बच्चों को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो साथ ही बिजली पानी की भी व्यवस्था की गई है जिससे बच्चों को सहूलियत मिले।

# फाइलेरिया मुक्त अभियान में घर-घर जाकर खिलाई जा रही दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

देश को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करने के लिए शासन द्वारा 10 से 25 फरवरी तक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास और पंचायत विभाग के संयुक्त प्रयास से युद्ध स्तर पर दवा वितरण का कार्य जारी है।

■ कोलिहा में 392 व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया

अभियान के शुरुआती चरण में 10 से 12 मार्च तक केंद्रों पर दवा खिलाई गई, जिसके बाद अब मितानिनें घर-घर जाकर छूटे हुए लोगों को अपने समक्ष गोलियां खिला रही हैं। ग्राम पंचायत कोलिहा में मितानिन सोनबाई मनहरे, बिंदा बाई घृतलहरे और नीलम वर्मा सक्रिय रूप से प्रत्येक घर पहुंच रही हैं। जानकारी के अनुसार, अब तक अकेले कोलिहा ग्राम में 392 व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा चुका है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरेंद्र वर्मा ने इस बीमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह वूखेरेरिया बेंक्रोफ्टी' नामक परजीवी से होता है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। संक्रमण के 6-12 महीने बाद हाथ-पैरों या जननांगों में सूजन, लिम्फ नोड्स में दर्द, बुखार और त्वचा पर खुजली जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

इस बीमारी का इलाज डाइथाइल कार्बा रेज़िन (DEC) और अल्बेंडाजोल जैसी दवाओं से किया जाता है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि यदि समय पर इलाज न हो तो फाइलेरिया स्थायी विकलांगता का कारण बन सकता है। इससे बचने के लिए मच्छरदानी और कीटनाशकों का प्रयोग करें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें ताकि मच्छर न पनपें। शासन द्वारा दी जा रही निःशुल्क दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करें।

### भटगांव के सांस्कृतिक भवन में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

# ऐप व स्मार्ट मीटर का भविष्य में हैं कई फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भटगांव एवं टाटा पॉवर द्वारा भटगांव नगर पंचायत स्थित सांस्कृतिक भवन में दोपहर 3 बजे स्मार्ट मीटर पखवाड़ा एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भटगांव व क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर संबंधित उपयोगी जानकारी एवं इसके प्रति जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर चल रही उलझन व अफवाहों के बीच विद्युत विभाग के अधिकारी जे ई शशिकांत राठौर ने कहा कि, स्मार्ट मीटर पूरी तरह भरोसेमंद है और इनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। स्मार्ट मीटर पूरी तरह ऑटोमेटिक सिस्टम पर काम करते हैं। इनमें इंसानी हस्तक्षेप नहीं होता, इसलिए गलत रीडिंग या गलत बिल की संभावना बहुत कम रहती है। साथ ही इससे बिजली चोरी पर भी रोक लगेगी। मीटर लगाने के बाद उसकी जानकारी एसएपी सिस्टम में दर्ज की जाती है। इसके बाद नया बिल स्मार्ट मीटर की रीडिंग के आधार पर जारी होता है और ऐप के माध्यम से आप घर बैठे बिजली बिल पेमेंट कर सकते है और कई समस्याओं को ऑनलाइन भी दर्ज कर सकते हैं।





### शिकायत मिलने पर बिल में त्वरित सुधार होगा

उपभोक्ताओं के सवालों पर राठौर ने बताया कि, कुछ मामलों में मानवीय भूल से मीटर की जानकारी दर्ज नहीं हो पाती, जिससे औसत बिल जारी हो जाता है। ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर विभाग तुरंत सुधार करता है और पहले जारी औसत बिल को समायोजित कर देता है। अगर किसी उपभोक्ता को एकमुश्त ज्यादा बिल मिलता है तो नियम के अनुसार स्लैब की सुविधा देकर बिल को समायोजित किया जाता है। स्मार्ट मीटर या बिलिंग से जुडी किसी भी समस्या के लिए कार्यालय मे या फिल्ड ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं। टाटा पावर के प्रतिनिधि ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए स्मार्ट मीटर लगाने की अपील किये। कार्यक्रम मे नगर व क्षेत्र के उपभोक्तागण और विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# 99 पौवा शराब जब्त 3 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खरोरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम केवराडीह में घेराबंदी कर पुलिस ने तीन आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध देशी मसाला शराब जब्त कर गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 19 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम केवराडीह में कुछ व्यक्ति बिक्री के उद्देश्य से अवैध शराब छिपाकर रखे हैं। खरोरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस ने केवराडीह में दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर आरोपियों को दबोचा। इसमें पहली कार्रवाई में केवराडीह निवासी आरोपी संतोष कोसले 42 वर्ष के कब्जे से 41 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई में केवराडीह निवासी आरोपी घासीदास गेन्ड्रे 48 वर्ष और गौकरण बंजारे 45 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनके पास से 58 पौवा अवैध मसाला शराब बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों से कुल 99 पौवा अवैध

▶▶ शेष पेज 14 पर





**खबर संक्षेप**

### अज्ञात वाहन से कुचलकर दो की मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के छुईपाली टोल प्लाजा के करीब गुरुवार रात नेशनल हाईवे-53 में सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। बाइक सवार खड़े ट्रैक्टर से टकराकर गिर गए, फिर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। दोनों की पहचान ग्राम गौरटेक निवासी परमानंद भोई (60) और उपेश नाग (34) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार परमानंद भोई गुरुवार को अपने रिस्तेदार उपेश नाग के साथ उनकी बाइक सीजी 04 एच वी 3929 से घरेलू काम से लिमगांव गया था, जो शाम करीब 7 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। बाइक उपेंद्र नाग चला रहा था। नेशनल हाईवे पर छुईपाली टोल प्लाजा के आगे तिवारी ढाबा के पास बिना नंबर का खड़ा ट्रैक्टर को उपेश नाग देख नहीं पाया, बाइक सीधे ट्रैक्टर से टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुचले जाने से मांस के चिथड़े सड़क पर दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**पेज 13 का शेष**

### 99 पौवा शराब...

शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 9,900 रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया।

### नगर के राधा कृष्ण गौ सेवा संस्थान सिविल लाइन में दुर्लभ सत्संग जारी

# परमात्मा का बोध केवल श्रद्धा और विश्वास से ही संभव : विजयानंद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

नगर के राधा कृष्ण गौ सेवा संस्थान (गौशाला) सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पीछे में दुर्लभ सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रवचनकर्ता के रूप में स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश वाले हैं। जिन्होंने तीसरे दिन के सत्संग सभा में कहा कि संकट की घड़ी में कोई साथ देने वाले नहीं है। वर्तमान में सभी व्यक्ति स्वार्थी है, साथ तो भगवान देते हैं। परमात्मा जानने का विषय नहीं है, बल्कि मानने और विश्वास करने का है। भगवान है और मेरे है और भगवान सभी के है। भगवान को अपना मान लिया तो वह हमारा लगेगा जैसे अपना सामान प्यारा लगता है। इन्होंने भगवान राम एवं कृष्ण की लीला का वर्णन अपने प्रसंग में अनेक उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया।

स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने यह भी कहा कि विवेक वह शक्ति है, जो निर्णय कर सके और विवेक मनुष्य हैं। सत्संग मिलता है भगवान की कृपा से जो कि हृदय की अंधकार को मिटा देता है। भक्त में इतना ताकत है जो भगवान को झुका देता है। इन्होंने प्रेम का उदाहरण देते हुए कहा कि गोपी प्रेम विलक्षण है, साधारण चीज नहीं है। इन्होंने वर्तमान स्थिति को लेकर कहा कि भोग व संग्रह मनुष्य को जकड़ लिया है, जिसके चलते लोग कुछ पाने के लिए भटकते घूम रहे हैं। व्यक्ति अगर परमात्मा पाने के लिए भटकते तो निश्चित रूप से परमात्मा उन्हें सकता है। क्योंकि परमात्मा प्रेम के भूखे हैं। जहां एक ओर भगवान के चरण में प्रेम हो जाये तो प्रेम का दान मनुष्य कर सकता है। वहीं प्रेम का दान भगवान अपने भक्त को कर सकता है। इन्होंने यह भी कहा कि भगवान सबके हृदय में है, भगवान सर्वथा अलौकिक है। जहां कण कण में भगवान है वहीं कण कण ही भगवान है। स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने कहा कि जिस घर में गीता रामायण नहीं है वह घर शमशान घाट की तरह हैं। अतः गीता व रामायण घर में रखना अति हितकारी है। क्षमा मांगने वाला व्यक्ति वीर होता हैं और क्षमा करने वाला व्यक्ति महान होता है। इन्होंने पारिवारिक उदाहरण देते हुए कहा कि जिस घर परिवार में धार्मिक व एकता का वातावरण प्रेम का भाव है वह घर स्वर्ग होता है। इन्होंने कहा कि माता पिता का सेवा ही तीर्थ है। वहीं भाई भाई में प्रेम माता पिता के प्रति स्नेह देवरानी जेठानी व सास बहू में प्रेम होना भी वह घर स्वर्ग के बराबर होता है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन आयोजित हो रहा है। आज के सत्संग में जागेश्वर पटेल, नागेश्वर पटेल, टेसूलाल धुरंधर, श्याम शुक्ला, रामाधार पटेल, राजनारायण केसरवानी, विनय गुप्ता, घनश्याम पटेल, डा. रामचंद पटेल, राधेश्याम पटेल, सोनचंद वर्मा, विक्की अवस्थी, सुशील तिवारी, नारायण चंद्राकर, मोतीलाल वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, प्रमोद शुक्ला, रश्मी वर्मा, उषा देवी धुरंधर, कांती वर्मा, शशिकला चंद्रकार, श्रीमती सरोज पटेल सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित होकर सत्संग का लाभ उठाया।







### भगवान हमारे अंदर है, लेकिन हम बाहर खोजते हैं : पं. सुरेश शर्मा

**खरोरा।** इस सृष्टि का आधार तप है, तप से ही मनुष्य जीवन में सब कुछ प्राप्त करता है। तप कर ही सोना कुंदन बनता है। तप से ही बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों ने सिद्धियां प्राप्त की। तप के माध्यम से ही विद्यार्थी जीवन में ज्ञान की प्राप्ति करता है। उक्त बातें गोसाई बाबा मंदिर रंगमंच बाजार चौक गौरखेड़ा में समस्त साहू द्वारा आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान पं. सुरेश कुमार शर्मा ने कही। तीसरे दिन कथावाचक ने व्यासपीठ से कपिल जन्म, सती कथा और ध्रुव चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपाद राज किया करते थे। उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति था और उनके कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाओगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है। सती कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। लेकिन गुरू के घर में बिना बुलाए ही चले जाना चाहिए क्योंकि वह भगवान स्वरूप होता है। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग भी सुनाया गया। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई थी। कथा व्यास ने बताया कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह का वरदान दिया। कथावाचक ने माता पार्वती के साथ भगवान शिव के विवाह को शिव-शक्ति के मिलन और सृष्टि के संतुलन का प्रतीक बताया। इस दौरान कथा स्थल पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा 26 फरवरी तक आयोजित होगी। भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे हैं।

### बद्रीनाथ से 3 हजार किमी की पदयात्रा कर शिवरीनारायण पहुंचे स्वामी निर्मल महाराज

**गिधौरी।** अटूट आस्था, दृढ़ संकल्प और त्याग की प्रेरक मिसाल पेश करते हुए स्वामी निर्मल बाबा महाराज हिमालय स्थित श्री धाम बद्रीनाथ से मां सरस्वती का पवित्र जल लेकर लगभग 3000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा पर निकले हैं। इसी यात्रा के दौरान वे छत्तीसगढ़ के पवित्र तीर्थ नगरी शिवरीनारायण पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, आरती और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। स्वामी की यह यात्रा केवल दूरी नापने का प्रयास नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना जगाने का एक महाअभियान है। वे उत्तराखंड से निकलकर कई राज्यों की सीमाएं पार करते हुए दक्षिण भारत के परम पावन तीर्थ रामेश्वरम धाम तक पैदल पहुंचने का संकल्प लेकर अग्रसर हैं। उनका उद्देश्य भगवान शिव के चरणों में मां सरस्वती का पवित्र जल अर्पित कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना करना है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने कहा कि स्वामीजी की यह पदयात्रा समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रही है। युवाओं और ग्रामीणों के लिए यह यात्रा प्रेरणा का स्रोत बन गई है, जो त्याग, सेवा और संकल्प की शक्ति को दर्शाती है।रामेश्वरम धाम पहुंचने पर विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और भंडारा कार्यक्रम के साथ इस ऐतिहासिक यात्रा का समापन होगा। स्वामी निर्मल बाबा महाराज की यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सद्भाव, सेवा और आध्यात्मिक जागरण का संदेश भी दे रही है।



## गांजा की तस्करी करते 02 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो लोगों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी थी कि टीवीएस जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूवी 1435 में दो व्यक्ति सरायपाली से रायपुर की ओर अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं।

इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 मेन रोड मंडी के पास ग्राम जोगीडीपा पहुंचकर वाहन को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम कलनाथ कुशवाहा उर्फ कमलेश पिता अर्जुन कुशवाहा (32 साल) खैराटोला रूपहीटाड़ थाना भीतहा जिला पश्चिम चंपारण, बिहार हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार यादव पिता सज्जन यादव (40 साल) निवासी छितौनी भीमनगर थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर का रहने वाले बताये। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 24.500 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 12 लाख 25 हजार को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।











संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 9926204007 सहयोगी- गुलशन, महेश वर्मा मो. 8224005753


हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिन की
ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई...
टंकराम वर्मा
मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग (छ.ग. शासन)
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

**बिलाईगढ़/गोपालपुर।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 छ.ग. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध का आदेश जारी कर लागू किया है। विशेष एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ और बिलाईगढ़ द्वारा नियमानुसार सीमित अवधि, समय एवं शर्तों के अधीन अनुमति प्रदान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक संभावित है।

### समाज को सशक्त बनाने डॉ. सनम जांगड़े ने संगठन स्तर पर किया दौरा



**लवन।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े ने 6 माह के भीतर प्रदेशभर के 36 जिला संगठन के लिए एवं राजस्व के लिए 33 जिला में दौरा किया, जहां जगह-जगह स्वागत हुआ। डॉ. जांगड़े ने कहा कि प्रदेश में 90 विधानसभा है, जिसमें 10 आरक्षित है, अनुसूचित जाति के लिए शेष 35 विधानसभा क्षेत्र में सतनामी समाज की बहुल्यता है, जिन्हें मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कार्य योजना बनाकर जोड़ना और भारतीय जनता पार्टी के रीति से चलना मेरा मुख्य उद्देश्य है। डॉ. जांगड़े ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्ष के कार्यकाल में सतनामी समाज के लिए युवा महिला सभी वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। आदर्श ग्राम योजना के तहत 40 लाख रुपए ग्राम विकास मूलभूत विकास के लिए लाभ दिया जा रहा है। बिजली पानी शिक्षा सड़क सबसे ज्यादा भारतीय के कार्यकाल में अनुसूचित जाति के लिए योजना लागू है। प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार में भी अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अनेक योजनाएं संचालित हुई है। डॉ. जांगडे ने कहा कि धान खरीदी में भी किसान व अनुसूचित जाति वर्ग के लिए विशेष लाभ दिया जा रहा है।

### साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष का युवाओं ने किया स्वागत

**सिमगा।** प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू का बिलासपुर प्रवास के दौरान चंदेरी स्थित गो हाईवे में समाज के युवाओं द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ हेमन्त साहू के नेतृत्व में स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू ने कहा कि आगामी कर्मा जयंती पर हर ग्राम में मां कर्मा की जयंती मनायी जाना है एवं कर्मा जयंती पर रायपुर आने का न्योता दिया। उक्त अवसर पर मुकन्द साहू, हितेस साहू तहसील अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, केवल साहू महामंत्री युवा प्रकोष्ठ तहसील, प्रताप साहू, लक्की आदि उपस्थित थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# जपं में वीबी ग्राम जी योजना के साथ सामान्य सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत सिमगा में शुक्रवार को सामान्य सभा का आयोजन किया गया। इसमें जनपद स्तर पर जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने संकल्प लिया गया। यह बैठक केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी ग्राम जी योजना के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों को केंद्र में रखकर आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शासकीय पारदर्शिता तथा आम जनता की सहभागिता बढ़ाने पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष दौलतराम पाल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि करण वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीपी मनहर, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे सहित समस्त जनपद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वीबी ग्राम जी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने तथा योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित एक समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम है। इस योजना के तहत आईईसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की सटीक जानकारी दी जाती है। ग्राम सभाओं, दीवार लेखन, पर्चे एवं नुक्कड़ सभाओं के ज़रिए जन-जागरूकता फैलाई जाती है। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति पर गहन विचार-विमर्श



### ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर

ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। बैठक के प्रारंभ में सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की वर्तमान प्रगति, संचालित योजनाओं एवं आगामी कार्य योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आम नागरिकों को प्राप्त हो रहे लाभों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम स्तर पर जागरूकता शिविर, बैठकें एवं सूचना प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने ग्रामों में इन गतिविधियों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अमित कुमार वैद्य ने चर्चा बिंदुओं एवं योजना संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इन जानकारियों को आम जनता तक पहुंचाने हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## पदयात्रा : मुरा, बंगोली, माठ केसला, बुडेरा, सिरी एवं कनकी पहुंची

# जगह-जगह हुआ विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मंत्री एवं सतनामी समाज के गुरु गुरु खुशवंत दास के अगवाई में 18 फरवरी से सतनाम भवन मोवा रायपुर से गिरौदपुरी धाम के लिए निकली सतनाम सद्भाव पदयात्रा का रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के मार्गदर्शन में उनके क्षेत्र के ग्राम मुरा, बंगोली, माठ केसला, बुडेरा, सिरी, कनकी, गुरु खुशवंत दास का जबरदस्त स्वागत किया गया। गुरु खुशवंत दास ने गुरूद्वारा में माथा टेक बाबा गुरु घासीदास को नमन करते हुये पूजा अर्चना की। राजीव नगर से खरोरा तिराहे पहुंचने पर नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों, सर्व समाज के लोग, नगर के व्यापारी, भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, भाजपा युवा मोर्चा व महिला भाजपा मोर्चा ने गुरु खुशवंत दास का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गुरु खुशवंत दास पं. दीनदयाल की प्रतिमा में माल्यार्पण किये। विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का स्वागत करने वाले में भाजपा नेता प्रहलाद रजक, अंजय शुक्ला, शिवशंकर वर्मा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रशिम वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, डा अमीन खान, फणेन्द्र वर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल सुरज सोनी आदि उपस्थित थे।



### संडी बंगला में सतनाम सद्भाव पदयात्रा का स्वागत हुआ

**संडी बंगला।** कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा आयोजित विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का शुक्रवार को संडी बंगला में स्वागत किया गया। यह पदयात्रा 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 22 फरवरी तक रायपुर (मोवा) से पवित्र गिरौदपुरी धाम तक पैदल निकाली जा रही है। पदयात्रा के संडी बंगला पहुंचने पर दोपहर लगभग 12 बजे बस स्टैंड परिसर में क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघ, पंचायत प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा, माल्यार्पण एवं जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया। इससे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सतनाम भवन में मंत्री की उपस्थिति में सर्व समाज, व्यापारी बंधुओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सद्भावना भोज का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने पदयात्रा को सामाजिक एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने वाला ऐतिहासिक पहल बताया।



### खाद्य मंत्री बघेल गिरौदपुरी पहुंचे घासीदास बाबा के चरणों में टेका माथा



लवन। गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आगामी 22 फरवरी से आयोजित होने वाले विशाल मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने गिरौदपुरी धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के साथ गुरु गोसाई आसमदास एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े भी गिरौदपुरी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में माथा टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की, जिसके पश्चात मेला प्रांगण का भ्रमण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा।

मेला स्थल पर आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री बघेल ने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल एवं भोजन की सुचारु व्यवस्था,

दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए उचित और सुरक्षित स्थान और मेला प्रांगण में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य योजना गिनाई।

# ऑपरेशन परिवर्तन से अपराध की राह छोड़ मुख्यधारा में लौटेंगे किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला पुलिस ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त किशोरों के पुनर्वास के लिए ऑपरेशन परिवर्तन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान के तहत विधि से संघर्षरत बालकों के परामर्श एवं पुनर्वास के लिए विशेष पहल की। पुलिस ने कहा गलत कार्यों से दूर रहकर, कार्य व्यवहार में सुधार लाए एवं अपने परिजनों के साथ एक नई शुरुआत करें। ऑपरेशन परिवर्तन का मुख्य उद्देश्य किशोरों की अपराध में संलिप्तता को रोकना, उनके पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापना के लिए कार्य करना है।

पूर्व में विभिन्न अपराधों में संलिप्त किशोरों/विधि से संघर्षरत बालकों के लिए ऑपरेशन परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के किशोरों को पुनः अपराध में नहीं लौटने के लिए प्रेरित किया गया तथा पुनर्वास के लिए कौशल विकास हेतु प्रोत्साहित किया गया। ऑपरेशन परिवर्तन का मुख्य उद्देश्य किशोरों की अपराध में संलिप्तता को रोकना, दंडात्मक एवं पुनर्वास दोनों दृष्टिकोण को अपनाना, जोखिम ग्रस्त बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर हस्तक्षेप एवं परामर्श देना। साथ ही पुनर्वास एवं सामाजिक पुनर्स्थापना कर विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विधि से संघर्षरत बालको एवं किशोरों की सोच में सकारात्मक बदलाव और उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने के लिए एक सुधारात्मक पहल है, जिसमें शिक्षा, कौशल विकास, संस्कार और स्वास्थ्य पर केंद्रित है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्वास्थ्य मोनिंदर घृतलहरे द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किशोरों के साथ विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने, पढ़ाई में ध्यान देने, गृह कार्यों में अपने परिजनों का भरपूर साथ देने, नशा से सदा दूर रहने आदि हेतु प्रेरित किया गया।

### 43 विधि से संघर्षरत बालक एवं परिजनों की सहभागिता

सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार ने कहा गया कि बच्चे अच्छे कार्यों को सीखे, गलत कार्यों से दूर रहे, अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाए और अपराध, गलत संगत आदि से बाहर निकलकर एक नई शुरूआत करें। उनके द्वारा उपस्थित किशोरों को सकारात्मक बदलाव के लिए योग, ध्यान और इस काउंसलिंग सत्र का भरपूर उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला कल्याण काउंसलर ने कहा कि आपने जो किया उसे यहां भुले और बाहर निकलने पर नए सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़े। गलत कार्यो से दूरी बनाते हुए आप स्वयं समाज में लोगों, युवा पीढ़ी को गलत कार्यों व अपराध से दूरी बनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि युवा पीढ़ी गलत कार्यो में न फंसे। ऑपरेशन परिवर्तन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, किशोर न्याय बोर्ड से परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा, काउंसलर टुकेश्वर जगत, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट मोनिंदर घृतलहरे, समाज कल्याण विभाग से हम होंगे कामयाब के जिला काउंसलर डेविड एवं 43 की संख्या में विधि से संघर्षरत बालक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल की बैठक में शामिल हुए अनु. जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष

**गिधौरी।** भाजपा टुण्ड्रा मंडल की बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष चरणदास तेहरवंश शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा मंडल स्तर पर मोर्चा का विस्तार रहा, इसमें सभी मोर्चों का विस्तार कर पार्टी को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। साथ जी 22 फरवरी से शुरू हो रहे गिरौदपुरी मेले की मंडल स्तर पर तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में दुर्गेश साहू मंडल अध्यक्ष टुण्ड्रा, मोहन साहू महामंत्री रोहासी, गोविन्द धृतलहरे महामंत्री लवन, बिहस कोलिहारी सोसायटी अध्यक्ष रोहासी, साधराम प्रजापति महामंत्री मंडल टुण्ड्रा, संतराम पटेल उपाध्यक्ष मंडल टुण्ड्रा, रामेश्वर (राजा) वर्मा सभापति जनपद कसडोल, महेंद्र बारले सभापति नगर टुण्ड्रा, घासीराम मनहर सोसायटी अध्यक्ष नारधा, बद्री टंडन सरपंच मटिया, राजकुमार गोंड़ बलौदा उपस्थित थे।



# 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू, पहले दिन 81 छात्र रहे अनुपस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बोर्ड परीक्षा बारहवीं के प्रश्न पत्र से प्रारम्भ हुआ है। जिले में 63 केंद्र बनाये गए हैं। विद्यार्थी कुल दर्ज 5020 में से 4939 उपस्थित, 81 अनुपस्थित हैं। पहले दिन कोई नकल प्रकरण नहीं बना है। परीक्षाओं के सुचारु, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए उड़नदस्ता दल एवं ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। जिले में परीक्षा के प्रभावी निरीक्षण हेतु जिला स्तर पर कुल 8 उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जिनमें प्रत्येक दल में 4-4 सदस्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ब्लॉक स्तर पर 6 उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है। परीक्षा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12.15 बजे तक संचालित होगी। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की ओर से उड़नदस्ता दलों को परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखते हुए निष्पक्ष निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# धमनी में प्रकृति का रंग प्रकृति के संग नाट्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर हाईस्कूल और मिडिल स्कूल धमनी एवं बृजलाल कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के छवी मानिकपुरी व अर्चना द्वारा नृत्य के साथ लघु नाटिका के माध्यम से जंगल संवर्धन और जंगल को आग से बचाव पर प्रदर्शन किया गया। राजकमल नायक द्वारा अभिनय की बारिकियों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के संचालन अध्यक्ष रामनारायण यादव वन प्रबंधन समिति धमनी और कार्यक्रम के व्यवस्था में मनबोधन टंडन वनरक्षक, विशेष सहयोग में धर्म सिंह बरिहा वनपाल, आबिद खान प्रभारी वन, सरपंच सलौनी बंशी बंजारे, प्रधानाचार्य तोरण लाल साहू सेमरिया, ठाकुर राम साहू प्रबंधक, संतोष कुमार साहू, अध्यक्ष लीला मंडली रोहांसी पंच सलौनी ईश्वर कुरुवंशी, दीपक मांडले, संज्ञान नायक, पलारी महाविद्यालय से आकाश कन्नौजे



और उसके टीम प्रताप सिंह पैकरा, सुरेश चौहान तबला वादक, विशेष सेवा में संतोष यदु, मुस्ताक सोनवानी, बिनोद निषाद, मालिक यदु, ईश्वर चंद्राकर, चैतराम यादव कार्यक्रम में धमनी, सलौनी, रोहांसी शामिल हुए। कार्यक्रम में नाट्य विधा पर राजकमल नायक ने सभी कलाकारों का परीक्षण करते हुए आवश्यक टिप्स दिये, जो सारगर्भित और ग्रहण योग्य होकर प्रभावी रहा। कार्यक्रम 26 फरवरी को तक नित्य 3 घंटा का नाट्य विधा प्रशिक्षण जारी रहेगा।

# आदर्श विद्यालय में विदाई समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों का शाला परिवार द्वारा विदाई समारोह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल पांडे पूर्व मंडी उपाध्यक्ष भाटापारा, पार्षद सचिन जैन स्थानीय जनप्रतिनिधि माया सलूजा, नीरज शर्मा, पूर्व एल्डरमैन दीनबंधु शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टांडे उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के चारों माध्यम के संस्था प्रमुख राजवर्धन भोंसले, शेषनारायण ध्रुव, कुसुम सिंग, रुक्मणी चक्रधारी ने किया। अनिल पांडेय ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कर संस्कारवान व अच्छे नागरिक बनने की बात कही। शिक्षकों की मांग पर वार्ड पार्षद सचिन जैन ने विद्यालय के खेल मैदान में पेवर ब्लॉक लगाने की घोषणा किया। शिक्षक उत्तम जांगड़े, वंदना दास एवं निहारिका मैडम द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रा बिंदिया देवांगन ने अत्यधिक सोशल मीडिया के पूरे प्रभाव से



बचने के लिए अपने गीत के माध्यम से सभी लोगों को जागरूक किया। शिक्षक राजा कटारे द्वारा 1100 रू का पुरस्कार एवं कुसुम सिंग के द्वारा 500 रू का पुरस्कार एवं शिक्षकों के द्वारा सभी कार्यक्रमों पर नगद राशि प्रदान किया गया साथ ही सभी बच्चों को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पालकों के साथ विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी स्थानीय जन भी उपस्थित रहे। उक्त अवसर नजमुन्निशा शाह, श्रद्धा ताम्रकार, संगीता श्रीवास्तव उत्तम जांगड़े, राजा कटारे, सुनील सोनी, निहारिका तिवारी, वंदना दास, ख़ेमिन ध्रुव, नितेश साहू उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)